कार्यालय–नगर परिषद्, नोखा (रोहतास)

आम सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक– 4081, दिनांक–26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वय हेतु दिशा निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है–

स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी, चयन प्रकिया एवं दिशा–निर्देश

स्वच्छता साथी कौन होगे:–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परन्तु स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी की उम्र 40 वर्श से अधिक ना हो।
3. अभ्यर्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यर्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे Communicate कर सके।
5. अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यर्थी के रूप में Waste, Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors एवं NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGO, Youth, Community Based Organizations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर परिषद् स्तर पर कुल संख्या– 10 स्वच्छ साथी।
8. आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक–20.01.2025 निर्धारित है।

स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ:–

1. कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रकिया का पालन किया जाएगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पांच तारीख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 300 x 20 = 6000.00 रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।
6. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसका अवधि अक्टुबर, 2026 तक बढाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जाएगा।
8. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी देखेंगे।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

नोट:–1.यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नही है, अत: किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा।

2.साक्षात्कार स्थल,तिथि एवं समयः– नगर परिशद्,नोखा का कार्यालय दिनांक–22.01.2025को 12.00 बजे अपराह्न में। (साक्षात्कार में अभ्यर्थी सभी प्रमाण पत्र एवं CV के साथ उपस्थित रहेगें।)

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्,नोखा

PR- 015959 (B & C) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार